Pib.nic.in

प्रेस सूचना कार्यालय

गृह मंत्रालय

*****

प्रेस विज्ञप्ति

# केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह हिंदी दिवस पर देशवासियों को संदेश देंगे

## संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया जिसके उपलक्ष में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है

नई दिल्ली , 13.09.2020

केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह हिंदी दिवस (14 सितंबर 2020) के मौके पर देशवासियों को संदेश देंगे जिसका प्रसारण दूरदर्शन के नेशनल चैनल पर प्रातः 10.30 बजे किया जाएगा।

संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था जिसके उपलक्ष में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्र सरकार के कार्यालयों/मंत्रालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजभाषा कीर्ति तथा राजभाषा गौरव पुरस्कार दिए जाते हैं। हिंदी दिवस, 14 सितंबर 2020 पर दिए जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा की जा चुकी है। कोविड-19 के कारण उत्पन्न हुई विषम परिस्थितियों की वजह से इस वर्ष हिंदी दिवस समारोह का आयोजन नहीं किया जा रहा है। पुरस्कारों का विस्तृत विवरण नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध है।

https://rajbhasha.gov.in/hi/news/%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%9C%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B7%E0%A4%BE-%E0%A4%95%E0%A5%80%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%A4%E0%A4%BF-%E0%A4%8F%E0%A4%B5%E0%A4%82-%E0%A4%97%E0%A5%8C%E0%A4%B0%E0%A4%B5-%E0%A4%AA%E0%A5%81%E0%A4%B0%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%B0-%E0%A4%B5%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%B7-2019-20

और

https://rajbhasha.gov.in/hi/news/%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%9C%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B7%E0%A4%BE-%E0%A4%95%E0%A5%80%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%A4%E0%A4%BF-%E0%A4%8F%E0%A4%B5%E0%A4%82-%E0%A4%97%E0%A5%8C%E0%A4%B0%E0%A4%B5-%E0%A4%AA%E0%A5%81%E0%A4%B0%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%B0-%E0%A4%B5%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%B7-2018-19-%E0%A4%95%E0%A5%87%E0%A4%B5%E0%A4%B2-%E0%A4%89%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%95%E0%A5%83%E0%A4%B7%E0%A5%8D%E0%A4%9F-%E0%A4%B2%E0%A5%87%E0%A4%96%E0%A5%8B%E0%A4%82-%E0%A4%8F%E0%A4%B5%E0%A4%82-%E0%A4%97%E0%A5%83%E0%A4%B9-%E0%A4%AA%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%BF%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%93%E0%A4%82-%E0%A4%B9%E0%A5%87%E0%A4%A4%E0%A5%81

***

**एनडब्लू /आरके/पीके/एडी/डीडीडी**